विद्याभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – षष्ठ **दिनांक -30-08-2020**

विषय -हिन्दी (व्याकरण) **विषय शिक्षक -पंकज कुमार**

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

सुप्रभात बच्चों आज परिमाणवाचक विशेषण एवं संकेतवाचक विशेषण के बारे में अध्ययन करेंगे।

3. परिमाणवाचक विशेषण – जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की परिमाण अर्थात माप-तोल संबंधी जानकारी दें, वे परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे–चार किलो चीनी। दो लीटर दूध। पाँच मीटर कपड़ा। परिमाणवाचक विशेषण को दो भागों में बाँटा गया है

- निश्चित परिमाणवाचक
- अनिश्चित परिमाणवाचक

(i) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण – जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तोल बताते हैं, वे निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे—दो मीटर कपड़ा। एक लीटर दूध।
(ii) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण – जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तोल नहीं बताते वे अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहलाते हैं; जैसे-थोड़ी चीनी, कुछ खिलौने आदि।

4. सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण – जो सर्वनाम विशेषण के रूप में प्रयुक्त होते हैं, उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं; जैसे—वह लड़की अच्छी है। वह पुस्तक मेरी है।
यहाँ, ‘यह’ ‘वह’ सार्वनामिक विशेषण है।

विशेषण की रचना

संज्ञा शब्दों से विशेषण बनाना -

संज्ञा	**विशेषण**

चमक **चमकीला**

ओज **ओजस्वी**

वर्ष **वार्षिक**

सप्ताह **साप्ताहिक**

गृहकार्य

(1) निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

शब्द	**विशेषण**	**वाक्य -प्रयोग**
(क) बल	------------------	-------------------
(ख) चाचा	-------------------	----------------------
(ग) समाज	----------------------	-----------------------
(घ) ज़हर	-----------------------	--------------------
(ङ) प्यास	-----------------------	---------------------